Fourteenth Loksabha

Session : 3
Date : 20-12-2004

Participants : Singh Shri Prabhunath

Title: Need to conduct an enquiry into the work executed under the Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojana in Saran and Sewan districts of Bihar.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : अध्यक्ष महोदय, कहा जाता है भारत गांवों का देश है। भारत की आत्मा गांवों में बसती है। परन्तु, भारत के गांव विकास से कोसों दूर हैं। जीवन जीने की मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति आजादी के इतने दिन बाद भी गांवों में नहीं हो पायी है।

इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए केन्द्र सरकार प्रधान मंत्री ग्राम्य सड़क योजना का शुभारंभ किया ताकि गांवों को मुख्य धारा में लाया जा सके। परन्तु, केन्द्र सरकार के इस लक्ष्य की पूर्ति पूरे देश में नहीं हो पा रही है। खासकर बिहार राज्य के सारण और सिवान जिले में। बिहार के सारण और सिवान जिले में सड़क के नाम पर अवशेा मात्र शेा बचा है। वाहन तो क्या पैदल यात्रा करना भी कठिन है। जो सड़क प्रधान मंत्री ग्राम्य सड़क योजना के अंतर्गत बन चुकी है, उस सड़क का भी बहुत बुरा हाल है। जिन सड़कों पर काम चल रहा है, वह वर्ो से अधूरा पड़ा हुआ है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि बिहार के सारण एवं सिवान जिले में प्रधान मंत्री ग्राम्य सड़क योजना के अंतर्गत किये गये कार्यो की जांच निगरानी विभाग से कराने का कट करेंगे।